तापमान
अधिकतम 35 .2 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 अगस्त 2025

11 हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों को किया जागरूक



12 विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाया दम..



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 8 अगस्त को हुए सड़क हादसे में आरोपी चालक महेंद्रगढ़ के प्लह निवासी हरीश कुमार को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। जाटूसाना थाना पुलिस ने 8 अगस्त को हुए सड़क हादसे में आरोपी वाहन चालक बेरली खुर्द निवासी राकेश को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने टांकड़ी गांव में जुलाई माह में हुई मारपीट मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 22 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने इस मामले में टांकड़ी निवासी आकाश व अजय को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी भेजा जेल

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष के बयान पर गत 18 अप्रैल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद पीड़ता का मेडिकल कराया था। इस मामले में यूपी के देवपोखर निवासी दीपराज केस दर्ज होने के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### घर में घुसने की आरोपी महिला गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने घर में घुसने के मामले में आरोपी महिला को भी गिरफ्तार कर लिया। मुक्तिवाड़ा निवासी जुगल किशोर ने गत 10 अगस्त को मोहल्ला निवासी अनीता और यूपी के रहने वाले रिंकू उर्फ दिव्यांश पर उसके घर में घुसने का आरोप लगाया था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद रिंकू को गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में अनीता को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बाद में आरोपी महिला को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### टूटी सड़क से हादसों की आशंका

**रेवाड़ी।** चांदूवास गांव के पास टूटी सड़क से हादसों की आशंका बनी हुई है। मोहनुपर व आसपास के गांवों के लोगों ने बताया कि इन गांवों के लिंक रोड़ टूटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बारिश होते ही सड़कों के गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे हादसों का डर बना रहता है। दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में एकत्रित पानी के कारण गिरकर हादसों का शिकार हो रहे हैं। इनमें कई सड़कें मार्केटिंग बोर्ड की हैं, जिनकी हालत बदहाल बन चुकी है।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने थाना क्षेत्र में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल ने अस्पताल में उपचार के दौरान कई लोगों के खिलाफ बयान दर्ज कराया था। पुलिस ने उसके बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में बावल की होल्दार कॉलानी निवासी नवीन और जटवाड़ा मोहल्ला निवासी मनीष को गिरफ्तार कर लिया।

## ग्रीन बेल्ट पर अवैध कब्जों से बिगड़ रही व्यवस्था

# सचिवालय के पास ग्रीन बेल्ट में लग रहा अवैध बाजार, प्रशासन की छूट से चल रही दुकानदारी

■ पार्किंग स्थल छोड़कर सेक्टर के अंदर व बाहर खड़े हो रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बावल रोड पर ग्रीन बेल्ट में पूरी तरह अवैध बाजार लग गया है। प्रशासन की सुस्ती के कारण लोगों ने रेहड़ी, दुकान व नर्सरी लगाकर पूरी तरह कब्जा कर लिया है। राजीव चौक से आईओसी चौक पर दोनों तरफ काफी दुकानें लग चुकी है। छह महीने पहले गत फरवरी माह में पुलिस से ट्रैफिक व्यवस्था व पार्किंग व्यवस्था सुधारने के लिए सचिवालय के अंदर व बाहर वाहन पार्किंग पर प्रतिबंध लगा दिया था। सचिवालय में आने वाले लोगों व कर्मचारियों के लिए सचिवालय के पीछे पार्किंग स्थल निर्धारित किया था, लेकिन अब फिर से व्यवस्था ढीली पड़ती जा रही है। लोगों ने सचिवालय से दूर सेक्टर-3 मार्ग व सेक्टर-1 के अंदर अवैध पार्किंग बना ली है। हालांकि पुलिस ने बावल रोड पर भी सड़क के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट पर रस्सी से बेरिकेडिंग करके हद तय कर दी, लेकिन ग्रीन बेल्ट पर लगी दुकानों पर आने वाले लोग सड़क पर वाहन खड़ा करके यातायात बाधित करते नजर आ रहे है।







रेवाड़ी। बावल रोड पर ग्रीन बेल्ट में लगी दुकान व सड़क पर खड़े वाहन, बावल रोड पर ग्रीन बेल्ट में लगी दुकान, बावल रोड पर सड़क पर खड़े वाहन। फोटो :हरिभूमि

### सचिवालय में रहता था वाहनों का जमावड़ा

फरवरी माह से पहले लघु सचिवालय परिसर के अंदर व बाहर वाहन गलत तरीके से नो-पार्किंग एरिये में खड़े रहते थे, जिसके कारण अव्यवस्था फैल रही थी। पुलिस ने व्यवस्था सुधार करके सचिवालय परिसर में सिर्फ अधिकारियों के लिए निर्धारित स्थानों पर ही वाहन खड़े करने की अनुमति दी थी। सचिवालय परिसर में काम करने वाले कर्मचारी व आमजन के वाहनों के लिए लघु सचिवालय परिसर के पीछे खाली मैदान में पार्किंग व्यवस्था करने के आदेश दिए थे। पार्किंग व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले और नो-पार्किंग जोन में खड़े होने वाले वाहनों का चालान करने के आदेश थे, लेकिन लोगों ने सेक्टर-1 को पूरी तरह पार्किंग स्थल बना दिया है, यहां तक कि सेक्टर-3 के एंट्री गेट के पास सड़क पर वाहन खड़े किए जा रहे है।

### बावल रोड पर कब्जा

बावल रोड पर ग्रीन बेल्ट में रेहड़ियों सहित नर्सरी व अन्य सामान की दुकानों का कब्जा हो गया है। लोग भी अपने वाहनों की पार्किंग बेतहजीब ढंग से करने लगे है, जिससे बावल रोड पर राजीव चौक से शहीद स्मारक के एरिये में काफी अव्यवस्था फैल चुकी है और थोड़ी-थोड़ी देर में जाम के भी हालात भी बन रहे है। शहीद स्मारक के सामने का खाली मैदान अवैध पार्किंग स्थल बन चुका है। डीसी निवास के सामने सेक्टर-1 के गेट के अंदर पूरी तरह पार्किंग स्थल बन गया है। लोग अंत्योदय भवन तक अपने वाहनों को खड़ा करके जा रहे है, सेक्टरवासियों का परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।





रेवाड़ी। सेक्टर–3 के रास्ते पर सड़क पर खड़े वाहन, ग्रीन बेल्ट में लगी रेहड़ियां व बनी जाम की स्थिति। फोटो :हरिभूमि

# स्मैक उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-3 चौकी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला बाससिताबराय निवासी राजू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही काबू कर चुकी है। पुलिस को गत 19 जुलाई को सूचना मिली कि मोहल्ला अजय नगर निवासी दीपक व राकेश अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का काम करते है तथा ब्रास मार्केट के पीछे के रास्ते में बाइक पर बैठे है। सूचना पर पुलिस ने मौके से दोनों आरोपियों को बाइक सहित काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ आरोपियों की तलाशी लेने पर कब्जे से 199 मिलीग्राम ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया की उन्हें मादक पदार्थ स्मैक मोहल्ला बाससिताबराय निवासी राजू उपलब्ध कराता है। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त आरोपी राजू को भी गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर राजू। फोटो :हरिभूमि

# पुलिस ने चलाया ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान

■ 32 वाहन चालकों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से सोमवार रात्रि को पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में ड्रिंक एंड ड्राइव का स्पेशल अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिला पुलिस की टीमों ने अनेक स्थानों पर नाकाबंदी करके 926 वाहन चालकों की जांच की, जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले 32 वाहन चालकों के चालान किए गए। एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की पालना कराने के लिए निर्देश दिए थे, जिसके तहत जिला पुलिस सोमवार रात्रि को मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत नशा करके ट्रैफिक नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की। अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे में वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस कर सड़क सुरक्षा देना था, क्योंकि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वे अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं, साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों के लिए भी खतरा बन जाते है। पुलिस के इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि जिला पुलिस की ओर से ट्रैफिक नियमों की पालना कराने के लिए लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस का मकसद सड़कों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सड़क हादसों को रोकना है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है।





रेवाड़ी। वाहन चालकों की जांच करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### धारदार चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** थाना खोल पुलिस ने मंदोला गांव में नहर के पास धारदार चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मंदोला नहर के पास एक युवक धारदार हथियार चाकू के साथ मौजूद है। वह किसी आपराधिक वारदात को अंजाम दे सकता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। नहर के पास खड़ा एक युवक पुलिस को देखकर तेज कदमों से वापस मुड़कर जाने लगा। पुलिस ने पीछा करते हुए उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम मंदोला निवासी पवन कुमार बताया। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ ऑर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।




रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी पवन। फोटो :हरिभूमि

### कोसली में महिला ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान

**कोसली।** कोसली की भारद्वाज कॉलोनी में एक महिला ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। कोसली पुलिस ने मृतक महिला के पिता के ब्यान पर फिलहाल सामान्य कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक भारती के पिता कालूवास गांव निवासी दयानन्द ने बताया कि उनकी छोटी लड़की भारती कोसली की भारद्वाज कॉलोनी निवासी अरुण कुमार से विवाहित थी। दामाद अरुण हरियाणा पुलिस में गुरुग्राम सेक्टर-10 में कार्यरत है। घर में किसी प्रकार की कोई परेशानी नही थी। भारती चार अगस्त से आठ अगस्त तक बच्चों सहित उनके घर कालूवास में रह कर आई थी। मंगलवार प्रातः सूचना मिली कि भारती ने घर के ऊपर बने कमरे से जगंले से चुन्नी बांधकर आत्म हत्या कर ली है। सूचना पर वे परिवार के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे। पिता के अनुसार उनकी बेटी को ससुराल की तरफ से कोई भी परेशानी नही थी। वह मायके में लगातार फोन करती रही है। पिता ने कहा कि पिछले 3-4 महिने से वह लगातार फोन कर के रुपये मांग रही थी। आठ अगस्त को चालीस हजार रुपये उनके खाते से भारती के खाते में गए हैं। पिता ने उसके बैंक खाते की लेनदेन की जांच करके कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# साइबर ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति खाते से 2.68 लाख उड़ाए, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर ठग ने जिले में एक व्यक्ति के बैंक खाते से करीब 2.68 लाख रुपये की राशि निकाल कर साइबर फ्रॉड कर दिया। साइबर ठग ने व्यक्ति का मोबाइल हैक करके नेवी एप का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी की। साइबर थाना पुलिस ने कस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धारुहेड़ा के विपुल गार्डन निवासी योगेंद्र वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके आईसीआईसीआई बैंक खाते से 5, 6 और 7 अगस्त को लगातार कुल 2,68,796 रुपये की पेमेंट हुई है। योगेन्द्र ने बताया कि जब फोन-पे की हिस्ट्री की जांच की गई तो यह राशि डिजिटल सेवा.सीएससी.पेयू@एक्सिसबैंक के नाम पर ट्रांसफर की गईं, जबकि उन्होंन ये एप कभी इंस्टॉल नहीं किया और न ही कोई ओटीपी साझा किया। शिकायतकर्ता के अनुसार 5 अगस्त को 74999 और 4800 रुपये, 6 अगस्त को 74999 और 14,999 रुपये तथा 7 अगस्त को 98999 रुपये की पांच अलग-अलग ट्रांजेक्शन हुईं। योगेन्द्र को संदेह है कि उनके मोबाइल की हैकिंग के जरिए साइबर ठगों ने यह धोखाधड़ी की है। जांच अधिकारी एसआई प्रिंस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ति के पैसे वापस दिलाने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

## अटेली, काटूवास व कुंड स्टेशनों पर चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रेलसेवाएं रद

# फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखंड के बीच दोहरीकरण कार्य के कारण रेलसेवाएं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर मंडल के फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखंड के मध्य अटेली-काठूवास-कुंड स्टेशनों पर दोहरीकरण कार्य के कारण नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। कार्य के कारण रेलसेवाएं रद, आंशिक रद व मार्ग परिवर्तित रहेंगी। गाड़ी संख्या 19619 फुलेरा-रेवाड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा व गाड़ी संख्या 19622 रेवाड़ी-फुलेरा एक्सप्रेस रेलसेवा एक अगस्त से 29 अगस्त तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14705 भिवानी-ढेहर का बालाजी एक्सप्रेस रेलसेवा, गाड़ी संख्या 14706 ढेहर का बालाजी-भिवानी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 19620 रेवाड़ी-फुलेरा एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 19621 फुलेरा-रेवाड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा तथा गाड़ी संख्या 19618 रेवाड़ी-मदार एक्सप्रेस रेलसेवा 20 अगस्त से 29 अगस्त तक रद रहेगी।

गाड़ी संख्या 19617 मदार-रेवाड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा 20, 22, 23, 25, 26 व 28 अगस्त को रद रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 19617 मदार-रेवाड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा 21, 24, 27 व 29 अगस्त को मदार से प्रस्थान करके फुलेरा तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा फुलेरा-रेवाड़ी के मध्य आंशिक रद रहेगी।

### आंशिक रद व मार्ग परिवर्तित रहेंगी



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन।

### प्रारम्भिक स्टेशन से मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 14087 दिल्ली-जैसलमेर रेलसेवा 29 अगस्त तक दिल्ली से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा खैरथल, अलवर, बांदीकुई, दौसा, गांधीनगर जयपुर एवं जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14088 जैसलमेर-दिल्ली रेलसेवा 29 अगस्त तक जैसलमेर से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 22452 चंडीगढ-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 13, 17, 20, 24 व 27 अगस्त को चंडीगढ से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19604 गोंडा-दौराई अजमेर रेलसेवा 26 अगस्त को गोंडा से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी।

### ये ट्रेनें अटेली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी

गाड़ी संख्या 20473 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी रेलसेवा 22 से 29 अगस्त तक दिल्ली सराय से प्रस्थान करके अटेली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 20474 उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा 21 अगस्त से 28 अगस्त तक उदयपुर सिटी से प्रस्थान करके अटेली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।



# फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की लगी होड़

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैन्स का क्रेज दिखने लगा है। फिल्म का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की होड़ लग गई है। टिकट आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं और ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत आसमना छू रही है। बताया जा रहा है कि पहले शो का टिकट प्राइस 4500 रुपए तक पहुंच चुका है। रजनीकांत के कई फैन्स जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया और मायूस हैं। फिल्म कुली ने रिलीज के पहले ही धमाल मचा दिया है। एडवांस बुकिंग में ही 200 करोड़ का प्रॉफिट होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच तमिलनाडु से लेकर इंटरनैशनल मार्केट तक थिएटर्स में उनकी फिल्म कुली देखने की धूम मची है।

## लाइफ Style

# भूमि
## बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, "वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।' यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है। पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं।

दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं। भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया।



## हॉलीवुड मसाला




# दुनिया का सबसे मनहूस गाना

**लॉस एंजिल्स।** साल 1933 में रेजसो सेरेस नाम के एक संगीतकार ने 'ग्लूमी संडे' गाना लिखा, जिसके दुःखद बोलों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इसे 'हंगेरियन सुसाइड सॉन्ग' कहा गया। गाने पर बैन लगा, लेकिन 2003 में हटा दिया गया। रेजो सेरेस ने यह गाना तब लिखा था जब उनकी प्रेमिका उन्हें छोड़कर चली गई थी और इसके बोल इतने दुःखद थे कि जिसने भी इसे सुना, वह बहुत दुखी हुआ। कहा जाता है कि यह गाना इतना हृदय विदारक था कि कुछ लोगों ने इसे सुनने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी।




# कैंप रॉक की स्टार जोड़ी जो और डेमी फिर साथ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पॉप बैंड जोनस ब्रदर्स के 20 साल पूरे होने की खुशी में 'जोनस 20: ग्रीटिंग्स फ्रॉम योर होमटाउन' टूर' का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका में हो रहे इस टूर के पहले ही शो ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में जो जोनस की पूर्व प्रेमिका और फेमस सिंगर डेमी लोवाटो की एंट्री ने सभी को चौंका दिया। ये वो ही जोड़ी है जिसने साल 2008 की डिज्नी फिल्म कैंप रॉक में साथ काम किया था और अब वर्षों बाद एक ही मंच पर साथ नजर आई। इस स्पेशल परफॉर्मेंस में डेमी और जो ने गॉटा फाइंड यू, दिस इज मी, वुडन्ट चेंज अ थिंग जैसे क्लासिक गाने गाकर न सिर्फ मंच पर जादू बिखेरा, बल्कि दर्शकों को भी भावुक कर दिया।




# सिद्धार्थ-जान्हवी में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है। ट्रेलर की शुरुआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है।




# जॉली एलएलबी-3 का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की।

## टीवी मसाला



# कर्नल सोफिया ने बताया क्यों करना पड़ा ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर चुका है। इंडिपेंडेंस स्पेशल एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर की हीरो कर्लन सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली होंगी। एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। चैनल ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी बताती हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा। क्लिप में दिखाई दे रहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी बोलती हैं, पाकिस्तान ये करता चला जा रहा है तो जवाब देना बनता था सर। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर प्लान किया गया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली अपना परिचय देती हैं और बताती हैं कि वे तीनों केबीसी के स्वतंत्रता दिवस स्पेशल एपिसोड में आएंगी। उनकी एंट्री दिखाई देती है इसमें अमिताभ बच्चन भारत माता की जय का नारा लगता हैं। उनके साथ दर्शक भी जोश में दिखाई देते हैं। केबीसी 17 सीजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी है। शो को फिर से अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अब फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड 2 लोग जीतेंगे। फिर उनको आपस में कॉम्पीट करना होगा। जो जीतेगा वही हॉटसीट पर बैठेगा।

## कपिल ने खींची उदित नारायण की टांग

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उदित नारायण समेत कई सिंगर्स बतौर गेस्ट बनकर आए। इस दौरान सभी ने कपिल के साथ खूब मस्ती की और वहीं उदित नारायण के फैन को किस करने वाले इंसिडेंट पर भी मजाक बनाया। अब अपकमिंग एपिसोड में म्यूजिक इंडस्ट्री के कई पॉपुलर सिंगर्स आने वाले हैं, जिसमें विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और नीति मोहन शामिल हैं। सभी साथ में स्वतंत्रा दिवस सेलिब्रेट करेंगे। इस दौरान कपिल, उदित नारायण के किस वाले किस्से पर भी बात करते हैं। दरअसल, शो में शान अपनी जर्नी के बारे में बात करते हैं विशाल के साथ क्योंकि दोनों ने साथ में डेब्यू किया था। वहीं फिर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर की परफॉर्मेंस सबको हंसा देती है। कपिल फिर उदित के फैन को किस करने वाले किस्से पर उनकी टांग खींचते हैं। कपिल बोलते हैं, 'शान भाई और उदित सर दोनों हंसते-हंसते गाते हैं।



# काजोल-ट्विंकल के शो में मेहमान बनकर आएंगे सलमान और आमिर

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना साथ में मिलकर शो लेकर आ रहे हैं 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। इस शो की गेस्ट लिस्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी तो नहीं आई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि इस शो में बॉलीवुड के 2 बड़े स्टार्स आने वाले हैं और वो हैं सलमान खान-आमिर खान। सलमान और आमिर सेट पर मौजूद थे और दोनों ने एपिसोड की शूटिंग की। हालांकि, इस बारे में शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं आया है। बता दें कि सलमान और आमिर ने साथ में कल्ट क्लासिक फिल्म दी है और वो है अंदाज अपना अपना जो साल 1994 में रिलीज हुई थी। वहीं, शो टू मच विद काजोल और ट्विंकल की बात करें तो यह शो काफी कैंडिड और बोल्ड होने वाला है। रिपोट्र्स आई थीं कि शाहरुख, सलमान, आमिर, अजय देवगन, अक्षय कुमार गेस्ट बनकर आएंगे। काजोल और ट्विंकल के ह्यूमर की बात करें तो दोनों हमेशा बेबाकी से बात करते हैं। दोनों काफी बातें करती हैं। जब शो की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय ने लिखा था, पहले ही डर गया हूं दोनों को साथ देखकर पोस्टर में, शो में पता नहीं क्या हंगामा होगा। वहीं अजय ने लिखा था, गेस्ट लोग, हमेशा स्ट्रॉन्ग रहना।



# बॉलीवुड के सबसे दमदार कैमियो रोल, थिएटर्स में जमकर बजीं सीटियां और तालियां...

*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर-2 कैमियो अपीयरेंस की वजह से सुर्खियों में है। अगर प्लेसमेंट सही हो तो, गेस्ट अपीयरेंस फिल्म को जबरदस्त बूस्ट दे जाते हैं।*

***पठान में सलमान खान :*** *फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो ने इस मूवी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त बूस्ट दिया था। शाहरुख खान लंबे वक्त बाद एक्शन मूवी में लौटे थे, और टाइगर के किरदार में सलमान खान की एंट्री ने माहौल जमा दिया था।*

***टाइगर-3 में शाहरुख खान :*** *क्योंकि वीआरएफ ने स्पायवर्स में सलमान खान (टाइगर) के साथ शाहरुख खान (पठान) को जोड़ दिया था, इसलिए जब सलमान की टाइगर-3 आई, तो इसमें शाहरुख खान पठान के किरदार में नजर आए।*

***सिंबा में अजय देवगन :*** *रणवीर सिंह ने जब कॉप यूनिवर्स में बतौर सिंबा एंट्री ली, तो इस मूवी में अजय देवगन का दमदार कैमियो हिट हो गया। अजय देवगन की एंट्री पर फिल्म में खूब तालियां पड़ी थीं।*

***पीके मूवी में रणवीर सिंह :*** *फिल्म पीके'में रणवीर सिंह का कैमियो रोल था। फिल्म के आखिर में जब वह आमिर खान के साथ नजर आए तो लोगों का एक्साइटमेंट लेवल पीक पर पहुंच गया।*

***ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित:*** *रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित का कैमियो थिएटर्स में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। फिल्म को इससे बॉक्स ऑफिस पर भी फायदा मिला।*

***डॉन-2 में ऋतिक रोशन :*** *फिल्म डॉन में ऋतिक रोशन का डॉन के अवतार में नजर आना सिनेमाघरों में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। जब मास्क के पीछे ऋतिक रोशन नजर आते हैं तो यह सीन लोगों को काफी सरप्राइजिंग लगा था।*

***इंग्लिश विंग्लिश में अमिताभ बच्चन :*** *दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में जब अचानक अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई तो यह काफी सुकून देने वाला सीन था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।*


## अंधेरे में देख कांप जाएगी रूह, द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स कर देगी सोचने पर मजबूर

# धमाकेदार होगा ये हफ्ता, रिलीज होंगे 9 फिल्में-सीरीज

*मुंबई। हमेशा की तरह इस बार दर्शकों को इस हफ्ते फिल्में और सीरीज के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बार भी नेटफ्लिक्स, सोनी लिव, जिओ हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।*

**डॉग मैन :** डॉग मैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी एनिमेटेड सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म है, जो डेव पिल्की की बच्चों की ग्राफिक उपन्यास श्रृंखला पर आधारित है। यह कैप्टन अंडरपैंट्स: द फर्स्ट एपिक मूवी (2017) का स्पिन-ऑफ और कैप्टन अंडरपैंट्स फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इसे ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने प्रोड्यूस किया है।





**सारे जहां से अच्छा :** सारे जहां से अच्छा गौरव शुक्ला द्वारा निर्मित एक आगामी एक्शन थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस सीरीज को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रतीक गांधी, सनी हिंदुजा, सुहैल नैयर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी अभिनीत यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 13 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**कोर्ट कचहरी :** पवन मल्होत्रा, आशीष वर्मा और पुनीत बत्रा अभिनीत, यह आगामी राजनीतिक ड्रामा सीरीज परम माथुर पर आधारित है। ये एक ऐसे युवक पर बनी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने और एक जर्जर जिला अदालत में वकालत करने के लिए मजबूर है, जहां सत्ता और पैसे के आगे कानून नतमस्तक है। इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 13 अगस्त 2025 को ऑनलाइन रिलीज होगी।

**द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स :** कोरिया में हुई कुछ सबसे भयावह घटनाओं में बच निकले लोगों के किस्से आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज 15 अगस्त को रिलीज होगी जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी।

**अंधेरा :** हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए प्रिया बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला की नई वेब सीरीज 'अंधेरा' में बहुत कुछ है। आठ एपिसोड की इस सीरीज में खौफ का कुआं है। पुलिस की जांच है और हत्याएं हैं। अंधेरा 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**एलियन: अर्थ :** एलियन: अर्थ,एलियन ब्रह्मांड पर आधारित नई साइंस फिक्शन सीरीज है। यह साइंस-फिक्शन हॉरर सीरीज रिडले स्कॉट की एलियन (1979) की घटनाओं से ठीक दो साल पहले की है। यह उस घटना के बाद की कहानी है जब एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। सिडनी चैंडलर और आदर्श गौरव अभिनीत, यह सीरीज जियो हॉस्टार पर 13 अगस्त को रिलीज होगी।

**क्वांटम लीप :** अगर टाइम ट्रेवल और क्वांटम फिजिक्स वाले कॉन्सेप्ट की फिल्में व सीरीज पसंद हैं तो 14 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर क्वांटम लीप का नया सीजन आने जा रहा है।

**तेहरान :** तेहरान, अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें जॉन अब्राहम, नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2012 में इजराइली पर हुए हमलों पर आधारित है। तेहरान 14 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

**लव इज ब्लाइंड :** लव इज ब्लाइंड का पहला सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया। ऐसे में अब इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये सीरीज 13 अगस्त को रिलीज होगा।

## खबर संक्षेप



### अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी ने सुनारिया में निकाला कैंडल मार्च

**रेवाड़ी।** अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी रामगढ़ भगवानपुर का धरना मंगलवार को 57वें दिन में प्रवेश कर गया। कमेटी की ओर से कैंडल मार्च जन जागरण अभियान के दौरान गांवों से समर्थन मांगा जा रहा है। मंगलवार को धरने की अध्यक्षता राव रोशन लाल ने की। सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों की ओर से 19 अगस्त को घरना स्थल से बुड़ानी तक मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों की ओर से सोमवार रात्रि को गांव सुनारिया में कैंडल मार्च निकाला गया। इस मौके पर शेर सिंह मीरपुर, उदयराज नंबरदार, सुधीर कुमार एडवोकेट मीरपुर, महीपाल फदनी, इन्द्रजीत फदनी, एडवोकेट रमेश चंद्र फदनी, अभय सिंह फिदेडी, सुदन लाल एक्स सरपंच फिदेडी, प्रताप सिंह फिदेडी, प्रताप सिंह, खेम चन्द, सतीश सरपंच बुड़ानी, एक्स सरपंच खजान सिंह बुड़ानी, मोहर सिंह बुड़ानी, रामकुमार, इंद्रजीत नंबरदार, हरिओम मिस्त्री, रामशरण रामगढ़ व वीरेंद्र सिंह फोजी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जेएनवी में 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 20 अगस्त

**रेवाड़ी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नैचाना में कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त से बढ़ाकर अब 20 अगस्त कर दी गई है।

प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि यह अवसर विशेष रूप से उन योग्य और इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए है, जो किसी कारणवश पहले आवेदन नहीं कर सके थे। उन्होंने बताया कि रिक्त सीटों को भरने के लिए समिति ने सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र जमा करने की तिथि 20 अगस्त तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी योग्य विद्यार्थी अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र ही विद्यालय में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र जमा करें। समय पर आवेदन करने से उन्हें प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

---

### ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा

# बीकानेर मंडल पर आरयूबी निर्माण के कारण सितंबर में कई ट्रेन रद रहेंगी, आठ रेल गाड़ियों का रास्ता भी बदला

- रेवाड़ी-बीकानेर सवारी गाड़ी, गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी सवारी गाड़ी, गाड़ी संख्या 54316 हिसार-रेवाड़ी सवारी गाड़ी व गाड़ी संख्या 54315 रेवाड़ी-हिसार सवारी गाड़ी 20 सितंबर को रद रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेलवे की ओर से बीकानेर मंडल के सादुलपुर यार्ड में समपार फाटक संख्या ए 142 व आसलू-दुधवा खारा स्टेशनों के मध्य 155 ए पर आरयूबी निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं रद, आंशिक रद, मार्ग परिवर्तित व री-शेड्यूल रहेंगी। गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर सवारी गाड़ी, गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी सवारी गाड़ी, गाड़ी संख्या 54316 हिसार-रेवाड़ी सवारी गाड़ी व गाड़ी संख्या 54315 रेवाड़ी-हिसार सवारी गाड़ी 20 सितंबर को रद रहेगी।

#### ये रेलसेवाएं रहेंगी आंशिक रद

गाड़ी संख्या 54604 लुधियाना-चूरू सवारी गाड़ी 19 सितंबर व 20 सितंबर को लुधियाना से प्रस्थान करके हिसार तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा हिसार-चूरू के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54605 चूरू-लुधियाना रेलसेवा 20 व 21 सितंबर को चूरू के स्थान पर हिसार से प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 54764 श्रीगंगानगर-सादुलपुर सवारी गाड़ी 20 सितंबर को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करके सुरतपुरा तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54763 सादुलपुर-श्रीगंगानगर सवारी गाड़ी 20 सितंबर को सादुलपुर के स्थान पर सुरतपुरा से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14897 बीकानेर-हिसार एक्सप्रेस रेलसेवा 20 सितंबर को बीकानेर से प्रस्थान करके चूरू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14898 हिसार-बीकानेर सवारी गाड़ी 21 सितंबर को हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 04776 हनुमानगढ-सादुलपुर स्पेशल रेलसेवा 20 सितंबर को हनुमानगढ से प्रस्थान करके सुरतपुरा तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04775 सादुलपुर-हनुमानगढ स्पेशल रेलसेवा 20 सितंबर को सादुलपुर के स्थान पर सुरतपुरा से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 54704 जयपुर-बठिण्डा सवारी गाड़ी 20 सितंबी को जयपुर से प्रस्थान करके लोहारू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54703 बठिण्डा-जयपुर रेलसेवा 21 सितंबर को बठिण्डा के स्थान पर लोहारू से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14891 जोधपुर-हिसार एक्सप्रेस रेलसेवा 20 सितंबर को जोधपुर से प्रस्थान करके चूरू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14892 हिसार-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 21 सितंबर को हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी।

#### इन ट्रेनों का रहेगा मार्ग परिवर्तित

गाड़ी संख्या 14824 रेवाड़ी-जोधपुर रेलसेवा 20 सितंबर को रेवाड़ी से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग लोहारू-सादुलपुर-चूरू के स्थान पर परिवर्तित मार्ग लोहारू-सीकर-चूरू होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा झुंझुनूं, सीकर, फतेहपुर शेखावाटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 22422 जोधपुर-दिल्ली सराय रेलसेवा 20 सितंबर को जोधपुर से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग डेगाना-रतनगढ-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग डेगाना-फलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा फुलेरा, जयपुर व अलवर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 54309 दिल्ली-हिसार रेलसेवा 20 सितंबर को दिल्ली से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-सादुलपुर-हिसार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-भिवानी-हिसार होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19272 हरिद्वार-भावनगर टर्मिनस रेलसेवा 20 सितंबर को हरिद्वार से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग धुरी-हिसार-डेगाना-मेडता रोड के स्थान पर परिवर्तित मार्ग धुरी-बठिण्डा-सूरतगढ-बीकानेर-मेडता रोड होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12323 हावडा-बाड़मेर रेलसेवा 19 सितंबर को हावडा से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-लोहारू-चूरू-रतनगढ-डेगाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-सीकर-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20403 प्रयागराज-लालगढ रेलसेवा 19 सितंबर को प्रयागराज से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग सीकर-लोहारू-चूरू के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सीकर-चूरू होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 07717 तिरूपति-हिसार स्पेशल रेलसेवा 17 सितंबर को तिरूपति से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रींगस-सीकर-लोहारू-सादुलपुर-हिसार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रींगस-रेवाड़ी-भिवानी होकर संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 04717 हिसार- तिरूपति स्पेशल रेलसेवा 20 सितंबर को हिसार से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग सादुलपुर-लोहारू-सीकर-रींगस के स्थान पर परिवर्तित मार्ग भिवानी-रेवाड़ी-रींगस होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19808 सिरसा-कोटा रेलसेवा 20 सितंबर को सिरसा से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 15 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14892 हिसार-जोधपुर रेलसेवा 20 सितंबी को हिसार से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी।

---

# हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से 15 अगस्त तक चलने वाला हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग नामक अभियान मनाया जा रहा है। जिला परिषद सीईओ प्रदीप कुमार ने बताया कि मंगलवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान तिरंगे के सम्मान के साथ स्वच्छता की जिम्मेवारी निभाने के उद्देश्य से अनेक गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें घर-घर तिरंगा फहराने, साथ ही जल स्त्रोतों और अपने गांवों की सफाई व्यवस्था में सुधार करने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा जिले के हर गांव में स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत ग्रामीणों को गांव की स्वच्छता समिति, स्वयं सहायता समूह, नेहरू युवा केंद्र क्लबों के युवा और पंचायत सदस्यों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। अभियान में सार्वजनिक स्थानों, जल एवं स्वच्छता सुविधाओं पर स्वच्छता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है, जिसमें पानी की टंकियों, गलियों आदि की सफाई और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



**रेवाड़ी।** अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवक।

#### फोटो और वीडियो अपलोड करें

सीईओ प्रदीप कुमार ने जिला के सभी सरपंचों और वार्ड पार्षदों के साथ-साथ आम नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने-अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लगाएं और सोशल मीडिया हैंडल पर अभियान की गतिविधियों बारे प्रतिदिन फोटो एवं वीडियो अपलोड करें। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व की जानकारी दें।

### मादक पदार्थों के खिलाफ आज लेंगे सामूहिक शपथ

**रेवाड़ी।** समाज कल्याण एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ 13 अगस्त को क्यूआर कोड के माध्यम से सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्रतिज्ञा, शैक्षिक गतिविधियों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से नागरिकों को नशीली दवाओं की लत के खिलाफ एक जन आंदोलन का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी लोग क्यूआर कोड के माध्यम से जुड़कर सामूहिक प्रतिज्ञा लें। विभाग नशीली दवाओं की मांग में कमी लाने, नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, समस्या का आकलन, निवारक कार्रवाई आदि की निगरानी करता है।

# स्पेशल कॉम्पोनेंट सब-प्लान योजना का लाभ देने की मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- ???

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

मंगलवार को शहर की संस्थाओं की ओर से अनुसूचित जाति के लिए स्पेशल कॉम्पोनेंट सब-प्लान योजना का लाभ दलित समाज को पूर्ण रूप से दिलाने के मांग को लेकर जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संगठनों के पदाधिकारियों ने विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार को भी ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बुधराम पवार प्रधान माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था, भगत सिंह सांभरिया प्रधान सेवा स्तम्भ, चौ. हंसराज प्रधान गुरु रविदास मंदिर व हॉस्टल, हरिकिशन महासचिव जाटव समाज, रामपाल मेहरा एडवोकेट, सतबीर सिंह चौहान, रोहताश सिंघल व रतन सिंह चौहान मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपते संस्थाओं के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

#### दलित समाज को पूर्ण रूप से नहीं मिल रहा लाभ

वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा राज्य में अनुसूचित जाति के विकास के लिए लागू स्पेशल कॉम्पोनेंट सब-प्लान फॉर शेड्यूल्ड कास्ट योजना का वास्तविक लाभ आज भी दलित समाज को पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हो पा रहा है। हालांकि विभिन्न विभागों को इस योजना के तहत धन आवंटित किया जाता है, लेकिन यह राशि जमीनी स्तर पर दलित समाज के हित में कार्यों पर खर्च नहीं हो रही है और आवंटित राशि वापस सरकार के खाते में जमा हो जाती है, जिससे योजना का मूल उद्देश्य विफल होता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत आवंटित फंड का सीधा लाभ दलित समाज को मिल सके, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं। प्रत्येक विभाग द्वारा योजना में खर्च की जा रही राशि की निगरानी एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। यह निगरानी जनवरी माह में होनी चाहिए ताकि बची राशि समय रहते खर्च की जा सकें। योजना को कानूनी रूप से 22 अगस्त 2025 से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में बिल पेश करके एक विशेष अधिनियम के तहत लागू किया जाए।

---

# नाटक से एचआईवी के खिलाफ किया जागरूक

- नेशनल एड्स कंट्रोल सोसायटी ने अस्पताल में किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नेशनल एड्स कंट्रोल सोसायटी की ओर से नागरिक अस्पताल परिसर में एचआईवी जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में एचआईवी व एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया गया और बीमारी की रोकथाम के उपाय बताए गए। शाकुंतलम संगीत एवं नाट्य संस्था के कलाकार सतीश मस्तान, राधिका, विधि, उत्कर्ष, निशिका, एकता और किशन ने नाटक की प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से लोगों को यौन संक्रमित रोगों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। नाटक में बताया गया कि एड्स एक खतरनाक बीमारी है, इससे बचने के लिए हमें अपने जीवन को सुरक्षित रखना चाहिए। किसी भी यौन संक्रमित पुरुष या स्त्री के संपर्क में न आएं। एचआईवी के संक्रमण से किसी की जान को खतरा हो सकता है। नाटक में बताया गया कि किस प्रकार से हम एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं और अपने दिनचर्या को नियमित रख सकते हैं। इस अवसर पर पीएमओ डा. सुरेन्द्र यादव, जिला नोडल अधिकारी डा. दीपक वर्मा, डिप्टी सीएमओ डा. धर्मेंद्र व डा. आशीष सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एचआईवी व एड्स के खिलाफ जागरूक करते हुए कलाकार।

# एक किलो 332 ग्राम अफीम सहित दो दबोचे

- सीआईए धारूहेड़ा व सीआईए कोसली टीम ने संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

नशा मुक्त अभियान के तहत जिला पुलिस की ओर से नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही ह। सीआईए धारूहेड़ा व सीआईए कोसली टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 1 किलो 332 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जिला चरखी दादरी के गांव उमरवास निवासी विनोद कुमार उर्फ भोलू व मध्यप्रदेश के जिला नीमच के गांव जसवंतपुरा निवासी नेमीचन्द के रूप में हुई है। एसआई कृष्ण कुमार ने बताया की मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि विनोद कुमार उर्फ भोलू व नेमीचंद नशीला पदार्थ अफीम बेचने का काम करते है तथा सनसिटी रेवाड़ी-दिल्ली रेलवे लाइन के पास किसी के इंतजार में खड़े हुए है। सूचना पर सीआईए धारूहेड़ा व सीआईए कोसली टीम ने मौके से आरोपियों को काबू किया। नोडल अधिकारी नीरज गर्ग डीईटीसी की निगरानी में आरोपियों की तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 1 किलो 332 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद हुआ। आरोपियों से बरामद अफीम की कीमत बाजार में 3.50 लाख रुपए से अधिक है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर। फोटो : हरिभूमि

#### अभियान जारी रहेगा

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जन आंदोलन में प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी अति आवश्यक है, ताकि नशे के खिलाफ अभियान को पूरी तरह से सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह अपराध को भी जन्म देता है। उन्होंने कहा कि आमजन नशा बेचने वाले व खरीदने वाले लोगों की पुलिस प्रशासन को सूचना दें, इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

# राज स्कूल के छात्रों का स्टेट लेवल चैस प्रतियोगिता में चयन



**रेवाड़ी।** शिक्षा विभाग की ओर से हरि सिंह स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय चैस प्रतियोगिता में राज इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का स्टेट लेवल चैस प्रतियोगिता में चयन हुआ है। अंडर-11 में हिमांशी ने पांचवा स्थान हासिल किया। अंडर-14 में वैष्णवी ने प्रथम और लावण्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 में रिद्धि ने दूसरा और कृषि ने पांचवा स्थान और अंडर-19 में प्रियांशी दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन ने छात्रों की सफलता पर कोच कुणाल की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों में आगे बढ़ने की अपार क्षमता है। विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने छात्रों एवं उनके कोच को शुभकामनाएं दी।

**बैठक** जिला स्तरीय समीक्षा व सलाहकार समिति की बैठक हुई, अधिकारी बोले जरूरतमंदों को बैंक के चक्कर न काटने पड़ें

# आवेदकों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से क्रियान्वित योजनाओं के ऋण उपलब्ध करवाएं बैंकर्स : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक केंद्र व राज्य सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही ऋण योजनाओं के तहत आवेदकों को अविलम्ब आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर सामाजिक उत्थान में अपना योगदान दें। विभिन्न विभागों से संबंधित जो भी ऋण आवेदन लंबित हैं, उन्हें जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान कर पात्र को लाभ देना सुनिश्चित करें। डीसी अभिषेक मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में एलडीएम राजीव रंजन कुमार द्वारा जिला स्तरीय समीक्षा व सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने आर्थिक विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई हुई हैं, जिनके तहत जरूरतमंद लोग बैंक से लोन लेकर अपना काम-धंधा शुरू कर सकते हैं, लेकिन यह देखने में आया है कि इन जरूरतमंद नागरिकों को बैंकों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।



**रेवाड़ी।** की बैठक लेते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

#### खाताधारकों के आधार व मोबाइल नंबर लिंक करें

डीसी ने कहा कि पीएमजेडीवाई खाताधारकों को बीमा लाभों के पात्र होने के लिए 45 दिनों की अवधि में कम से कम एक बार रुपए कार्ड से खाते शुरू करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी शाखा के सभी खाताधारकों के आधार व मोबाइल नंबर लिंक करना सुनिश्चित करें। खातों में पासबुक के साथ-साथ रुपए डेबिट कार्ड भी समय पर जारी करना सुनिश्चित करें। डीसी ने बैठक में आवेदनों के समय पर निपटारे के महत्व और विभागों और बैंक के प्रमुखों को समन्वय में काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न बैंक द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी ली और वार्षिक ऋण योजना के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैंक द्वारा पीएमजेडीवाई खातों, रूपए कार्ड जारी करने, स्टैंड-अप इंडिया बारे रिपोर्ट ली। उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किए गए कार्यो की समीक्षा की। एलडीएम राजीव रंजन ने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने के उद्देश्य से 30 सितंबर तक ग्राम पंचायत स्तर तक अभियान शुरू किया गया है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक को योजनाओं का लाभ मिल सके।

**सूचना**

मैं, सत्यवान पुत्र श्री मांगे राम निवासी ग्राम बहाला तह० कोसली जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरी लड़की आरती मेरे कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करती है। मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई संबंध व वास्ता नहीं रहेगा। वह किसी से कोई लेन देन अथवा व्यवहार करती है तो स्वयं जिम्मेदार होगी।

**सूचना**

मैं, MUNESH DEVI W/o Ex.Nk Satender Kumar Army No. 14657096A निवासी गांव साल्हावास उप तह० साल्हावास जिला झज्जर हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्म तिथि 14.05.1987 दर्ज है। जबकि मेरी सही व दुरुस्त जन्म तिथि 14.05.1984 है। जो मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी कागजात में भी दर्ज है। यह सूचना मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्म तिथि 14.05.1984 दर्ज करवाने के लिए है।

## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। आईजीयू में तिरंगा यात्रा निकालते शिक्षक व विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में स्वतंत्रता दिवस पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने राष्ट्रीय ध्वज वाहक और राष्ट्रगान के साथ किया। यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया।
विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने हाथों में झंडा थामे, राष्ट्रभक्तों के नारे लगाए और देश प्रेम के गीतों ने इस यात्रा को और भी जोशपूर्ण बनाया। यात्रा का समापन स्वतंत्रता सेनानी के नाम से प्रसिद्ध राव तुला राम भवन पर हुआ। कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जागृत करना, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश फैलाना और स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण करना है।


रेवाड़ी। शिक्षकों के साथ अपने पोस्टर दिखाती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### स्लोगन राइटिंग में साधना बनी विजेता

**कोसली।** कोसली के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में हिमानी बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग में साधना बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से तिरंगे के महत्व और देशभक्ति की भावना को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. लाज कौशल ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर निशा यादव, मंजीत कुमार, सुरेंद्र कुमार, नागेश कुमार, डा. मोनिया, जसवंत व जसमेर सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

लॉन्ग जंप में मुस्कान ने पहला और निकिता ने पाया दूसरा स्थान

# विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शिक्षा विभाग की ओर से चल रही जिला स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिताओं में मंगलवार को एथलेटिक्स के मुकाबले कराए गए। 11, 14, 17, 19 वर्ष आयु में विभिन्न विद्यालयों के लड़कों व लड़कियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राव तुलाराम स्टेडियम में एथलेटिक्स तथा देवलावास गांव में बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं हुईं। विभिन्न आयु वर्ग में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। एथलेटिक्स में विभिन्न आयु वर्गों की दौड़, लंबी कूद, डिस्कस थ्रो, शार्टपुट व जेवलिन थ्रो प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। लॉन्ग जंप में मुस्कान ने पहला स्थान और निकिता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 60 फुट दौड़ में पायल प्रथम और मीनू तृतीय स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो में भी पायल ने प्रथम स्थान हासिल किया। 100 मीटर दौड़ में आरती ने पहला, जबकि रिया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में निकिता प्रथम और तान्वी द्वितीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर में रखी प्रथम और शिवांगी पटेल दूसरे स्थान पर रहीं। 1500 मीटर दौड़ में फिर से राखी ने प्रथम और मीनाक्षी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 3000 मीटर दौड़ में सीमा ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि सिमरन यादव दूसरे स्थान पर रहीं।



रेवाड़ी। स्टेडियम में आयोजित दौड़ में भाग लेते हुए छात्राएं व स्टेडियम में आयोजित दौड़ में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### अंडर-19 में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

अंडर-19 वर्ग की ट्रिपल जंप में अंशिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। लॉन्ग जंप में इशिका ने पहला और पलक यादव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट में रिया प्रथम और अंजलि द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं 200 मीटर दौड़ में भी विहान प्रथम, तनिष द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ में फरहान प्रथम, मयंक द्वितीय रहे। 600 मीटर दौड़ में दक्ष प्रथम, स्पर्श द्वितीय रहे। लंबी कूद में कार्तिक प्रथम, अनीष द्वितीय रहे। शाटपुट में रजत प्रथम, देव द्वितीय रहे। 11 वर्ष आयु के 100 मीटर दौड़ में रोहित प्रथम, कार्तिक द्वितीय रहे। 200 मीटर दौड़ में कार्तिक प्रथम, अनीष द्वितीय रहे। 400 मीटर में गौरव प्रथम, यश ढिल्लो द्वितीय रहे। 19 वर्ष आयु के 100 मीटर दौड़ में परमजीत प्रथम, मोहित द्वितीय रहे। वहीं 200 मीटर दौड़ में हर्ष, शिवा, 400 मीटर में शिवा, गगन, 800 मीटर में निखिल शर्मा, भूवनेश, 1500 मीटर में कृष और ओम क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। लंबी कूद में सौरव, वंश प्रथम व द्वितीय रहे। ऊंची कूद में हिमांशु विजेता रहे। शाटपुट में निशांत व युवराज प्रथम व द्वितीय रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में खेल विभाग के एथलेटिक प्रशिक्षक डा. अनिल यादव, शमशेर यादव की देखरेख में शिक्षा विभाग के सहायक शिक्षा खेल अधिकारी भूपेंद्र यादव, मौलिक शिक्षा खेल अधिकारी सुनील कुमार, खेल प्रवक्ता प्रवीन अरोडा, डीपीई संजय कुमार, पीटीआई इंद्रजीत सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी और शिक्षकों ने योगदान दिया।

### लड़कों की एथलेटिक्स स्पर्धा के परिणाम

प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु के 100 मीटर दौड़ में रजत प्रथम, राना सूत्रधर द्वितीय रहे। वहीं 200 मीटर दौड़ में भी रजत प्रथम, अभिषेक सिंह द्वितीय, 400 मीटर दौड़ में जेम्स राव प्रथम, जतिन द्वितीय रहे। 800 मीटर दौड़ में लोकेश प्रथम, जेम्स राव द्वितीय, 1500 मीटर दौड़ में लोकेश प्रथम, गौरव द्वितीय, तीन हजार मीटर दौड़ में पियुष प्रथम, दीपांशु द्वितीय तथा विवेक तृतीय रहे। लंबी कूद में देवांश प्रथम, हिमांशु द्वितीय, ऊंची कूद में हार्दिक विजेता रहे। शाटपुट में पुष्पेंद्र प्रथम, परिक्षित द्वितीय रहे। गर्वित जेवलिन थ्रो में विजेता रहे। डिस्कस थ्रो में पियुष प्रथम, रितेश द्वितीय रहे। 14 वर्ष आयु के 100 मीटर दौड़ में विहान प्रथम, फरहान द्वितीय रहे।

### अंडर-11 में खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

अंडर-11 वर्ग की शॉर्ट फुट प्रतियोगिता में सोई ने पहला और कृषिका ने दूसरा स्थान हासिल किया। 100 मीटर दौड़ में साक्षी प्रथम, हिमांशी द्वितीय रहीं। 200 मीटर में भी साक्षी ने प्रथम और ध्रुव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में मानवी ने प्रथम और ललित ने दूसरा स्थान पाया। वहीं 600 मीटर दौड़ में वंशिका ने पहला और गरिमा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।


रेवाड़ी। पीटी की रिहर्सल करते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आज


रेवाड़ी। परेड की रिहर्सल करती एनसीसी कैडेट्स।

- रेवाड़ी में स्वतंत्रता दिवस पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय पर डीसी अभिषेक मीणा की अगुवाई में 13 अगस्त को नई अनाज मंडी में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित होगी। समारोह को लेकर अनाजमंडी में आजादी के जश्न को देशभक्ति से ओतप्रोत व रंगारंग रूप देने के लिए विद्यार्थी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल में पसीना बहा रहे हैं। अनेक स्कूलों के विद्यार्थी पीटी-डंबल, हरियाणवी डांस, राजस्थानी डांस, गुजराती डांस व पंजाबी डांस सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास कर रहे है। रिहर्सल डिप्टी डीईओ व डीपीसी राजेन्द्र शर्मा, बीईओ राजेश वर्मा, एईओ भूपेन्द्र यादव, एईईओ सुनील कुमार व संगवाड़ी स्कूल की अंग्रेजी प्रवक्ता ज्योत्सना यादव की देखरेख में की जा रही है। मंच संचालन प्राचार्य व साहित्यकार सतबीर नाहड़िया कर रहे है। सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने बताया कि रेवाड़ी जिला मुख्यालय पर 15 अगस्त को अनाज मंडी परिसर में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। वहीं बावल उपमंडल में विधायक डॉ. कृष्ण कुमार व कोसली उपमंडल पर विधायक अनिल कुमार यादव मुख्य अतिथि होंगे। मुख्य आयोजन की तैयारियों के लिए मार्च पास्ट, परेड, पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जाएगी।

## अवैध कॉलोनी पर डीटीपी का एक्शन तीन एकड़ में निर्माण ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले की राजस्व सीमा में अवैध निर्माण करने वाले लोगों पर डीटीपी का एक्शन जारी है। डीटीपी की टीम ने मंगलवार को रेवाड़ी से बावल रोड पर अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की, जिससे प्रॉपर्टी डीलरों से लेकर प्लॉट खरीदने वाले लोगों तक में हड़कंप मच गया। मंगलवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम बावल रोड पर गांव करनावास की राजस्व सीमा में पहुंची। जहां पर डीटीपी की जेसीबी ने 3 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया। डीटीपी टीम ने यहां 13 डीपीसी, 4 चारदीवारी व 3 अवैध निर्माण के टीनशेड को जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। प्रदेश सरकार नई कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों पर सख्त रुख अपना रही है। इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हुए हैं। इसके बावजूद प्रॉपर्टी डीलर कृषि भूमि पर जमकर प्लॉटिंग कर रहे हैं। कॉलोनाइजर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं।


अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी।

### प्लॉट खरीदने से पहले कार्यालय में पता करें: डीटीपी

मंदीप सिंह सिहाग ने आमजन से अपील की है कि वह प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है।

### प्रजापति समुदाय के लाभार्थियों को आज दिए जाएंगे प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को मिट्टी के बर्तन बनाने, आवा लगाने के लिए आरक्षित की गई भूमि के प्रमाण-पत्र वितरित किए जा रहे हैं। जिले में 13 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगें। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह बाल भवन सभागार में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में कुरुक्षेत्र से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पात्र परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाहड़ में उत्साह के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से मंगलवार को नाहड़ में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का प्रारंभ डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान सैकड़ों लोग भारत माता की जय, वंदेमातरम, जब तक सूरज चांद रहेगा तब तक अमर वीर शहीदों का नाम रहेगा, वीर शहीद अमर रहे का जयघोष करते हुए शहीद स्मारक पर पहुंचे तथा देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर वीर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा का समापन किया। इस अवसर पर पूर्व जिला सचिव सरदार बहाला ने कहा कि आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह हमारे वीर शहीदों की शहादत की बदौलत ही सम्भव हो सका है। इसके लिए राव तुलाराम, चन्द्रशेखर आजाद, भगतसिंह, सुखदेव सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे शहीदों ने देश की आजादी के लिए हंसते हंसते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर पंचायत समिति चेयरमैन दुष्यंत कुमार, मण्डल महामंत्री ओमप्रकाश यादव, डहीना अध्यक्ष गोपीचंद लिसान, प्रेमप्रकाश नाहड़, प्रभारी इन्द्र राव, सुरेन्द्र सरपंच, अमर सिंह, प्रकाश झाडौदा, रामौतार नयागांव, राकेश कुमार, रामेश्वर बिसोहा, विजया देवी, मुकेश लता, सुनिता देवी, सरपंच ओमप्रकाश, रोशन लाल, प्रदीप कुमार,आंनद प्रकाश, रामचंद्र, महावीर, मोहन सिंह, सुरेन्द्र कुमार, सत्यनारायण, अनिल कुमार, रामनिवास व संत कुमार उपस्थित थे।


रेवाड़ी। नाहड़ गांव में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण।

### प्राइमरी स्कूल अलावलपुर में लगाए पौधे

**रेवाड़ी।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला अलावलपुर में मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेना के जवान जगदीश व सुनील कुमार ने विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय में पीपल का पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने स्कूल में करीब 10 फलदार पौधे रोपित किए। इस मौके पर मुख्य शिक्षक मंजीत कुमार व अध्यापक अजीत सिंह सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

## खालेटा में ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ, युवाओं को मिली सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

खंड खोल के गांव खालेटा में ग्राम पंचायत की ओर से ई-लाइब्रेरी संचालित की गई है। मुख्यातिथि गोमती पवार अध्यक्ष पंचायत समिति खोल, विशिष्ट अतिथि मीनाक्षी खोला जिला पार्षद व सुनीता देवी सरपंच ने ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस अवसर मीनाक्षी खोला ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से ई-लाइब्रेरी की स्थापना करना शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने का सराहनीय कदम है। गांव में लाइब्रेरी होने से युवाओं को पढ़ाई करने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने जिला परिषद कोटे से गांव में विकास कार्य कराने व अपनी ओर से लाइब्रेरी हाल में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की घोषणा की। चेयरमैन गोमती पवार ने ग्राम वासियों की मांग पर राजपूत चौपाल में टीन शैड लगवाने व परिसर को पक्का कराने के साथ-साथ अपनी ओर से इन्वर्टर देने की घोषणा की। युवा चेतना संगठन की ओर से लाइब्रेरी में एसी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ साहित्यकार शुभराम शास्त्री ने किया। सरपंच सुनीता देवी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में समाजसेवी भूपेंद्र सिंह खोला जैनाबाद, सरपंच अशोक यादव मामड़यि आसमपुर, विक्रम सिंह नंबरदार, पूर्व सरपंच शमशेर यादव, प्रदीप यादव ग्राम सचिव, सत्यरूप यादव, मुख्य अध्यापक ओमप्रकाश यादव, कप्तान चंदन सिंह खोला, सिंहराम, धर्मचंद शर्मा, सदाराम प्रधान, मनोज यादव, राजपाल चौहान, बलवंत सिंह व विजय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



रेवाड़ी। मुख्यातिथि को स्मृति चिंह भेंट करते हुए सरपंच।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए एनसीबी टीम। फोटो :हरिभूमि

### छात्रों ने नशे को जड़ से मिटाने और शिक्षा को जीवन का मार्ग बनाने का लिया संकल्प

**रेवाड़ी।** हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जिला यूनिट ने मंगलवार को कोनसीवास स्थित रोजलैंड इंटरनेशनल स्कूल में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर एनसीबी जिला यूनिट इंचार्ज निरीक्षक नीरज कुमार ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसे मिलकर ही समाप्त किया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति जागरूक बने और नशे के खिलाफ प्रहरी की भूमिका निभाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को हरियाणा एनसीबी की प्रमुख नशा मुक्ति पहल नमक लोटा अभियान, साइक्लोथॉन, ई-प्लेज और बेकैट चैलेंज की भी जानकारी दी। सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार, संस्थान के निदेशक जितेंद्र यादव और प्रिंसिपल कविता यादव ने भी नशे के सामाजिक, मानसिक और शारीरिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। इस दौरान छात्रों को ड्रग्स-फ्री हरियाणा पर प्रेरणादायक वीडियो भी दिखाई गई।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

*स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आकर लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक कर रहा*

बरसात के बाद जलभराव होने मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया

## मंगलवार को तीन डेंगू पॉजिटिव और मिले 40 पर पहुंच गया सीजन में आंकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में डेंगू के लगातार बढ़ते मामलो से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। मंगलवार को जिले में तीन डेंगू पॉजिटिव मरीज मिलने से आंकड़ा 40 पर पहुंच गया है। बरसात के बाद जलभराव होने मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आकर लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक कर रहा है। गत वर्ष की तरह इस बार भी फोगिंग का कार्य सुस्त पड़ा हुआ है। सिर्फ डेंगू मिलने वाले क्षेत्र में ही फोगिंग की जा रही है। जिले में डेंगू के मामलों के साथ अब तक 10 मलेरिया के केस भी मिल चुके है। सरकारी व निजी अस्पतालों में ओपीडी भी लगातार बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के एचआई, एमपीएचडब्ल्यू व ब्रीडिंग चेकर लगातार गांवों व शहरी क्षेत्र में सोर्स रिडक्शन का कार्य कर रहे है तथा बुखार से पीड़ति लोगों की स्लाइड भी तैयार की जा रही है। अब तक 1487 लोगों को दिए जा चुके नोटिस गत वर्ष जिले में 406 डेंगू व मलेरिया के 9 केस आए थे। इस बार अभी तक डेंगू के 40 व मलेरिया के 10 केस मिल चुके है। मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिंह ने बताया कि घरों में लार्वा मिलने पर अब तक 1487 लोगों को नोटिस भी थमाए जा चुके है। जनवरी से अब तक 1449253 घरों में मॉस फीवर सर्वे किया जा चुका है। अब तक डेंगू संभावित बुखार पीड़ित 1677 लोगों के सेंपल भी लिए जा चुके है।


लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

### डेंगू व मलेरिया बीमारियों के लक्षण



डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। बुखार व सिरदर्द, मांसपेशियों, हड्डियों व जोड़ो में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी लगना, आंखो में आसपास दर्द, ग्रंथियो में सूजन व स्किन पर लाल चकते हैं तो तुरंत अलर्ट होने की जरूरत है यह डेंगू के लक्षण है। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव जाटवास के समीप हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक बीती शाम को दुलोठ अहीर से काम करके वापस घर लौट रहा था। इस दौरान वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर सिटी पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं। गांव जाटवास निवासी इंद्रसिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसका भतीजा अनिल कुमार दुलोठ में काम करने के लिए गया था। काम करने के बाद वह रात को करीब आठ बजे बाइक पर सवार होकर अपने गांव आ रहा था। इस दौरान गांव के पास ही वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।